मोदी 3.0




एक बार फिर
मोदी सरकार
हार्दिक शुभकामनाएं!



सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 328 | इंदौर, सोमवार 10 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने में युवती बरी

### आरोप था- पत्नी बनाकर रखा, इलाज में खर्च हुआ तो बोली- मर क्यों नहीं जाती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना**। गुना में पत्नी को सुसाइड के लिए उकसाने की आरोपी युवती को कोर्ट ने शनिवार को बरी कर दिया। दोनों युवतियां पति - पत्नी की तरह रहा करती थीं। आरोपी युवती लडक़ों जैसे कपड़े पहनती और हेयरकट भी लडक़ों जैसा रखती है।

26 साल की दीपिका ने 11 मार्च 2023 की देर रात 11 बजे घर में फांसी लगा ली थी। वह शहर की एक कॉलोनी में सपना उर्फ संजू (29) के साथ रहा करती थी। सपना पर उसे सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप था, लेकिन डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में यह साबित नहीं हो पाया। सपना के खिलाफ दीपिका के मामा की लडक़ी मुस्कान ने केस कराया था। एफआईआर में कहा गया था कि दीपिका बीमार रहती थी। उसके इलाज में खर्च की वजह से सपना ने उसे गालियां दीं, पीटा और कहा- तू मर क्यों नहीं जाती, कब तक तेरे ऊपर पैसे बर्बाद करूंगी। इसके बाद ही दीपिका ने सुसाइड कर लिया था।

## छोटा पड़ा पंडित मिश्रा की कथा का पांडाल

### पहले दिन 50 हजार लोग पहुंचे, नेताओं के बैनर-पोस्टर से पटा तीर्थनगरी क्षेत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में पंडित प्रदीप मिश्रा की शिवमहापुराण कथा कर रहे हैं। रविवार को पहले दिन कथा में 50 हजार श्रद्धालु पहुंचे हैं। श्रद्धालुओं के आगे कथा पांडाल छोटा पड़ गया। लोगों ने सडक़ मार्ग पर पेड़ों की छांव में बैठकर कथा का श्रवण किया। बता दें कि पंडित मिश्रा ही इस कार्यक्रम के आयोजक हैं। हालांकि तीर्थनगरी क्षेत्र को भाजपा नेताओं, खासकर बड़वाह, मांधाता विधायक और उनके समर्थकों ने बैनर-पोस्टर से पाट दिया है। कदम-कदम पर पंडित प्रदीप मिश्रा के फोटो के साथ नेताओं ने अपने कट-आउट लगा दिए। गौरतलब है कि पंडित मिश्रा ने इस कथा का आयोजन ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग होने से किया हैं। वे देश के सभी बारह ज्योतिर्लिंग पर शिवमहापुराण कथा करेंगे।

# पुलिस का नशे पर कड़ा प्रहार

## मंदसौर, नीमच से आने वाले मादक पदार्थों पर नजर

### नशे के सौदागरों और नशेड़ियों पर इगल क्लेव अभियान में कसा शिकंजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्रदेश की आर्थिक राजधानी और मां अहिल्या की नगरी कहलाने वाले इंदौर शहर को नशामुक्त करने के लिए पुलिस ने इन दिनों विशेष अभियान चलाया है, जिसमें आमजन का भी सहयोग लिया जा रहा है। शहर को नशामुक्त करने के लिए चलाए जा रहे इगल क्लेव अभियान में पुलिस ने नशे पर कड़ा प्रहार करते हुए न केवल नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसा, बल्कि नशेडिय़ों पर भी कार्रवाई की। इस कार्रवाई अनेक ड्रग्स पेडलर, मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले और सैकड़ों नशेडिय़ों पर कार्रवाई की गई है। अब पुलिस की निगाह मंदसौर और नीमच से नशीले मादक पदार्थ लेकर आने वाले तस्करों पर है, जिससे नशा सप्लाय की पूरी चेन ही टूट जाए।

दरअसल युवाओं और आमजनों को नशे से दूर करने के लिए पुलिस लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में पुलिस ने पिछले दिनों नया सवेरा एक नई शुरूआत हेल्प डेस्क शुरू की थी। इस डेस्क पर आपरेशन ईगल क्लेव का संचालन किया जा रहा है। इस डेस्क पर शिकायतें मिलने के बाद पुलिस तत्काल कार्रवाई कर रही है। मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को पकडऩे पर उनसे पूछताछ करते हुए लिंक निकाली जा रही है, जिससे पूरी लिंक को ही खत्म कर दिया जाए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इसमें पता चला है कि मंदसौर और नीमच से अधिक मात्रा में नशा शहर में आता है। इसलिए अब इस रूट पर खास प्ल ानिंग के तहत नजर रखी जा रही है।

### सफेदपोशों को चिह्नित कार कार्रवाई

अधिकारियों के मुताबिक नया ऑपरेशन इगल क्लेव में जहां नशा तस्करों पर कार्रवाई की जा रही है, वहीं सफेदपोश लोग जो ड्रग्स का धंधा करते हैं उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई कर रहे हैं, जिससे पेडलरों तक नशा पहुंच ही न सके।



### सीसीटीवी से निगरानी

शहर में उन स्थानों को पुलिस चिह्नित कर रहा है, जहां पर हाट स्पाट है और नशे का कारोबार होता है। वहां पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही पब, रिसार्ट और जहां रेव पार्टियां होती है वहां पर भी नजर रखी जाएगी। मादक पदार्थों का नशा परसोने की जानकारी मिलते ही इन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### लगातार चला रहे जागरूकता अभियान

नया सवेरा एक नई शुरूआत हेल्प डेस्क शुरू करने केस ाथ ही पुलिस लोगों को नशे से दूर करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस लगातार श्रमिक कालोनियों, कोचिंग, इंस्ट्टीयूट और बच्चों के बीच संवाद कर रहे हैं नशे के विरूद्ध जागरूक कर रही है।

### नशे के आदि लोगों का इलाज

अधिकारियों ने बताया कि नशे की लत छु ड़ाने के लिए भ प्रयास किए जा रहे हैं। इसके चलते जो ड्रग्स लेते हैं वो मानसिक बीमारियों से परेशान हैं उन्हें चिह्नित किया गया है उन्हें नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाकर निशुल्क इलाज किया जाएगा।

### रोजाना मिल रही शिकायतें

नया सवेरा एक नई शुरूआत हेल्प डेस्क पर जो नई हेल्पलाइन चालू की है उस पर 10 से 15 शिकायत रोज आ रही है। शिकायतें मिलते ही तत्काल कार्रवाई की जा रही है। आमजन बिना हिचक के पुलिस को सूचना दे रहे हैं।

### सूचना देने वालों का नाम गोपनीय

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जो भी आमजन हमें सूचना देता है तो उसकी जानकारी लिक नहीं होगी। इसकी जानकारी डीसीपी स्तर को रहेगी ।

### तो पुलिस वालों पर भी कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई पुलिसकर्मी ड्रग्स पेडलर से मिला हुआ निकला तो उस पुलिसकर्मी को सेवा से भी बर्खास्त करेंगे और वो किसी भी थाने में नौकरी नहीं कर पाएगा।

### अंधेरे इलाकों में लाइट लगाएंगे

शहर में अनेक ऐसे क्षेत्रों का पुलिस को पता चला है जहां पर लाइट नहीं है और तस्कर व नशेड़ी अंधेरे का फायदा उठाकर नशा बेचते व करते हैं ऐसे स्थानो पर निगम की सहायता से लाइट लगवाइ जाएगी।

### महिला तस्करों पर नजर

कुछ कार्रवाई में महिलाए तस्कर भी पकड़ाई है। अब महिला बल के साथ मिलकर महिला तस्करों पर नजर रखते हुए सख्त कार्रवाई करेंगे।

### जनता से अपील की

पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि वे नशे के खिलाफ जानरकारी हमें दे और नशामुक्त अभियान में सहायोगी बने। सूचना देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

# केसरिया साफे में आन-बान-शान से निकली शौर्य यात्रा, राणा के जयकारों से गूंजी माँ अहिल्या की नगरी

## तीन झांकियां हुई शामिल ,महाराणा प्रताप की अश्वारोही झांकी आकर्षण का केंद्र रही

### सामाजिक समरसता का भाव उत्पन्न करने हेतु सभी समाज के प्रमुख शामिल हुए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महाराणा प्रताप की 484वी जयंती व महाराजा छत्रसाल की 375 वी जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राजपूत समाज के विभिन्न संगठनों के द्वारा बड़ा गणपति से केसरिया साफे में आन-बान-शान से शौर्य यात्रा निकली । सनातन संस्कृति के साथ केसरिया साफे व क्षत्राणियो की पारंपरिक वेशभूषा में राणा के जयकारों से माँ अहिल्या की नगरी गूंज उठी । आकर्षक झांकियों में प्रताप जी की 30 फिट ऊंची अश्वा रोही प्रतिमा, आराध्य प्रभु श्री राम मंदिर की झांकी के साथ प्रकृति का संदेश देती पर्यावरण का अलख जगाती झांकियों ने शहरवासियों का मन मोह लिया । प्रताप जी के वीरता वाले गीतों की प्रस्तुति ने जय राणा प्रताप की जय शिवा सरदार के नारों से यात्रा मार्ग गूंज उठा ।**



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के दीपेंद्र सिंह सोलंकी व पप्पू ठाकुर ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य हमारी संभ्यता और संस्कृति की पहचान बनाएं रखना है। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी में संस्कार जिंदा रह सके। हमारी संस्कृति व संस्कार ही छतीस कौम का मार्गदर्शन है। क्षत्रिय अपने गौरवशाली इतिहास को कभी न भूले। यात्रा में मुख्य रूप से राजपाल सिंह सिसोदिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव , विजय सिंह परिहार , दीपेंद्र सिंह सोलंकी ,पप्पू ठाकुर, दूले सिंह राठौर, गोविंद परिहार,मुकेश गौतम दीपक राजपूत तुलसीराम रघुवंशी राहुल सिंह जादोन अंजना राजावत माला ठाकुर ज्योति तोमर दीप्ती हाड़ा मनोरमा सोलंकी नमृता कुशवाहा केतन भाटी मोहित ठाकुर सुनील परिहार सिद्धार्थ सिसोदिया उदय कुशवाह. अंतर सिंह दरबार मांगीलाल ठाकुर.. सुनील सिंह शेखावत शामिल हुए ।

### विभिन्न मार्गो पर हुआ शौर्य यात्रा का स्वागत

यात्रा बड़ा गणपति प्रारंभ हो कर मल्हारगंज, गोराकुंड, खजूरी बाजार,राजवाड़ा, होते हुए बोलिया सरकार छतरी पर समाप्त हुई । यात्रा का सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए कई संघठनो ने मंचो से स्वागत किया । अतिथियों ने कहा कि वीरता के प्रतीक इतिहास में महाराणा प्रताप का नाम साहस, शौर्य, त्याग एवं बलिदान का मूर्तरूप है। 11 वर्षीय बालक चेतन सिंह शेखावत ने महाराणा प्रताप का शौर्य पंक्तियों में सुनाया ।

### प्रातः महाराणा प्रताप और महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा माल्यर्पण

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रातः महूनाका स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक कर माल्यर्पण किया वही बॉम्बे हॉस्पिटल स्थित महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया ।

# विजयवर्गीय बोले-पूर्व पीएम ने चलाई सफल गठबंधन सरकार

### तीसरी पारी भी सफलतापूर्वक खेलेंगे, अभी संख्या कम लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मंत्री कैलाश विजयर्वीय ने गठबंधन सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने गठबंधन की सफल सरकार चलाने का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दिया है। साथ ही कहा कि उन्होंने (नरेंद्र मोदी) ने कुल मिलाकर 2 पारी खेली। तीसरी पारी भी सफलतापूर्वक खेलेंगे।

विजयवर्गीय ने यह बयान शनिवार को इंदौर के रेसीडेंसी में मीडिया को दिया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी की सफल गठबंधन सरकार के बाद जनता ने जो मैंडेट दिया उसमें भारतीय जनता पार्टी बहुमत था। गठबंधन की सरकार तो थी पर उसमें भाजपा का स्पष्ट बहुमत था। अभी जो सरकार बनी है वह गठबंधन की सरकार है। पहले भी एनडीए की सरकार थी और अभी भी एनडीए की सरकार है लेकिन भाजपा की संख्या कम है। इससे फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने मोदी को लेकर कहा कि जैसे दो पारी उन्होंने खेली, तीसरी बार भी खेलेंगे। देशहित में जो काम किए हैं अब वे ज्यादा तेजी से होंगे। हमें पूरा विश्वास है।

# मंदिर प्रांगण में किया पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विश्व पर्यावरण पखवाड़ा दिवस के चलते हुए रविवार को दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आवाह्न पर विद्यासागर सोशल ग्रुप के सदस्यों द्वारा कैलिफोर्निया सिटी मंदिर प्रांगण एवं उदय नगर मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इसमें अशोक, नीम, आंवला, अमरूद, जामुन, बादाम और अनार सहित कई छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। इसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं और पुरुष शामिल हुए।**

विद्यासागर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि रविवार को अशोक, नीम, आंवला, अमरूद, जामुन, खिरनी, बादाम, अनार आदि के कई छायादार और फलदार पौधे सहित 51 पौधे लगाए गए। समाजजन ने पौधे लगाकर पौधे को पेड़ बनाने की शपथ ली। साथ ही पौधे की देखभाल करने की जिम्मेदारी संभाली।

पौधारोपण कार्यक्रम में कार्याध्यक्ष सुनील - अनीता जैन, सचिव - अरविंद जैन, कोषाध्यक्ष - जे के जैन, संतोष जैन, मीना जैन, राकेश जैन, पंपू- ज्योति जैन, रमेश- शालिनी जैन, अभय- रत्ना जैन, के एल जैन, शशि प्रभा जैन, अजय - आभा जैन, राजीव जैन, रवींद्र जैन मेमोरी, अंकित जैन, हरीश जैन, संजीव जैन, जयंत जैन व संगीता जैन, श्वेता जैन, पीयूष जैन, आलोक जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रुप दंपती सदस्य मौजूद थे।

# महिलाएं कैसे करें स्तन कैंसर की स्वयं जांच डॉ. विजयसेन यशलहा ने बताएं तौर-तरीके

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रॉबर्ट्स नर्सिंग होम में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विजयसेन यशलहा ने महिलाओं को स्तन कैंसर की स्वयं जांच करने के तौर-तरीके समझाएं। उन्होंने कहा कि महिलाएं कैंसर के प्रति सजग और सतर्क रहें। इस बीमारी से वह घबराएं नहीं। लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं। समय पर बीमारी का पता चलने से इलाज संभव हो जाता है। स्तन कैंसर की जांच महिलाएं स्वयं ही कर सकती हैं। शिविर में सवा सौ से अधिक महिलाओं को जागरूक किया गया।**



शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया। साथ ही महिलाओं को कैंसर रोग से बचाव के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर का बड़ी संख्या में महिलाओं ने लाभ लिया।

शिविर का शुभांरभ रॉबर्ट्स नर्सिंग होम के सचिव डॉ. विजयसेन यशलहा तथा रोटरी की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर श्रीमती ऋतु ग्रोवर ने किया। बताया गया कि शिविर में महिलाओं में होने वाले कैंसर की निःशुल्क जाँचे भी की गई। यह जाँच पैप स्मीयर, मेमोग्राफी द्वारा की गई। पेपस्मीयर और मेमोग्राफी की व्यवस्था डॉ विनोद भंडारी अरबिंदो हॉस्पिटल की ओर से की गई थी। शिविर में डॉ. यशलहा, डॉ. नीलेश दलाल, डॉ. नमिता शुक्ला, डॉ. प्रियंका जैन ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

डॉ. यशलहा ने महिलाओं को स्तन के कैंसर की जाँच करने के तरीके भी बताये। उन्होंने कहा कि कैंसर रोग के प्रति सजग और जागरूक रहने की जरूरत है। कैंसर से घबराए नही। प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जाँच कराये। शुरूवाती दौर में इस रोग का पता चल जाने पर उपचार संभव है। शिविर में महिलाओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर सहित अन्य महंगी जाँचे भी की गई। इस अवसर पर 130 महिलाओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर रॉबर्ट्स नर्सिंग होम, रोटरी क्लब ऑफ इंदौर रायल्स तथा ऑब्सटेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया। शिविर में रोटरी क्लब रॉयल्स के सभी सदस्यों ने पूरे शिविर की कई दिनों से तैयारी की थी और ऐसे महंगे टेस्ट इन महिलाओं को सुलभ कराये। एमक्योर कम्पनी ने महिलाओं के हीमोग्लोबिन की निःशुल्क जाँच की।

# बगैर फिटनेस के बस चलाते पाए जाने पर बस को किया गया जब्त

### पाँच लाख रुपये का टैक्स भी बकाया पाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं संभागीय परिवहन सुरक्षा स्क्वाड इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, स्कूली वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। जिसमें वाहनों के फिटनेश, परमिट, बीमा, ढवउ तथा कर प्रमाण पत्र भी चेक किये जा रहे है।



बसों में ओवरलोडिंग और अधिक किराया वसूली की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

स्कूल वाहनों की विशेष चेकिंग की जा रही है, जिसमें वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। बच्चों, पालकों से चालक परिचालक के व्यवहार के बारे में फीडबैक भी लिया जा रहा है। कार्यवाही निरन्तर जारी है। इस दौरान एक बस को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान लगभग पाँच लाख रुपये मध्यप्रदेश मोटरयान कर बकाया पाया गया और बिना फिटनेस के इंदौर से बांसवाड़ा संचालित हो रही थी। बस को जब्त किया गया। 30 अन्य वाहनों पर भी कार्यवाही कर 50 हजार रुपये से अधिक राशि का जुमार्ना वसूला गया।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा का कार्यक्रम

# संस्था का मूल काम समाज के हर व्यक्ति को समान अवसर उपलब्ध कराना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **जो भी व्यक्ति समाजसेवा के क्षेत्र में आता है तो उसे अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का पता होना चाहिए। जो व्यक्ति अपने पद से न्याय नहीं कर पा रहा है उसे तुरंत अपना पद छोड़ देना चाहिए और किसी उत्सुक व्यक्ति को समाज सेवा का अवसर देना चाहिए। समाज संस्था का मूल काम समाज के हर व्यक्ति को अवसरों की समानता उपलब्ध कराना है।**

यह विचार अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा ने माहेश्वरी समाज इंदौर जिला द्वारा आयोजित महेश नवमी पर्व के शुभारंभ अवसर पर आयोजित 'मंथन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

## हम समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान हेतु क्या कर रहे हैं?

काबरा ने कहा कि समाज कार्यक्रम को आयोजित करने के पूर्व हमें यह देखना चाहिए कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान हेतु क्या कर रहे हैं? समाज नाम की संस्था का जन्म इसीलिए हुआ है कि जो लोग प्रगति की दौड़ में कदाचित पिछड़ गए हैं, उन्हें अवसरों की समानता उपलब्ध कराएं। समाजजनों से खचाखच भरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच काबरा ने कहा कि यदि सामाजिक चुनाव में मतदान करते समय हमने अपने चयन में श्रेष्ठता के बजाए रिश्तेदारी, व्यापारिक संबंधों को प्राथमिकता दी और गुणों के आधार पर चयन नहीं किया तो हम जिम्मेदारी से भरा नेतृत्व विकसित नहीं कर पाएंगे।

## प्रकल्प में दम हो तो मदद मिलेगी ही

काबरा ने बताया कि पुणे के अभय भूतडा जोधपुर आए तो मुझसे मिलने आए। उनकी सेलेरी 250 करोड़ रुपए साल है। उन्होंने एक चाय पर 6 करोड़ रुपए का सहयोग महासभा को दे दिया। आपके प्रकल्प में दम है तो समाज में पैसे वालों की कोई कमी नहीं है।

## कुछ हिस्सा जरूरतमंद परिवार पर खर्च करना चाहिए

2030 तक 100 युवाओं को सिविल सर्विस में भेजना महासभा का लक्ष्य है। आपने अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा द्वारा किए जा रहे विभिन्न प्रकल्प की जानकारी देते हुए कहा कि 2030 तक 100 युवाओं को सिविल सर्विस में भेजना महासभा का लक्ष्य है। आपने कहा कि बदलते युग में युवाओं को नवीन व्यवसाय में आने की जरूरत है। परम्परागत व्यवसाय से अब बाजार में टिके रहना मुश्किल है। इसलिए महासभा ने एबीएमएम इनोवेट जैसे प्रकल्प प्रारम्भ किए हैं।समय समय पर आवश्यकता अनुसार अपनी कार्य पद्धति में परिवर्तन करने से ही हम सही समाज सेवा कर सकेंगे। समाज के कपल क्लबों को भी अपने खर्च की जाने वाली राशि का कुछ हिस्सा समाज के जरूरतमंद परिवार पर खर्च करना चाहिए। जरूरतमंद लोगों के अपलिफ्टमेंट के काम करना ही असली समाजसेवा है। उन्होंने इंदौर माहेश्वरी समाज, महिला संगठन युवा संगठन एवं क्षेत्रीय संगठनों के कार्यों की समीक्षा की एवं कहा कि जरूरतमंद लोगों के अपलिफ्टमेंट के काम करना ही असली समाजसेवा है।इस अवसर विशेष अतिथि उद्योगपति केदारमल जाखेटिया ने भी संबोधित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन रामस्वरूप धूत ने प्रस्तुत किया। मंत्री मुकेश असावा ने अतिथि परिचय दिया। पश्चिमांचल अध्यक्ष पुष्प माहेश्वरी ने भी दो शब्द कहे। स्वागत सत्यनारायण मंत्री, पवन भलिका, राजेश सोमानी, राम मूंदड़ा,केदार हेड़ा, निलेश सारड़ा एवं प्रह्लाद सेठ ने किया। मंच पर संयोजक राजकुमार साबू, राजेश गट्टानी, लव शारदा भी उपस्थित थे। सभी संगठनों की पीपीटी के माध्यम से अर्चना माहेश्वरी, जयंत गुप्ता ने प्रस्तुत की। गीता देवी मूंदड़ा ने समीक्षा कार्यक्रम की जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन जयंत गुप्ता ने किया। अंत में आभार राजेश सोमानी ने व्यक्त किया। सभागार में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, महिलाएं एवं युवा उपस्थित थे। नवाचार करते हुए समाज ने अपनी किशोर प्रतिभाओं सर्वेश लखोटिया, चार्वी कलंत्री एवं केशवी लखोटिया से दीप प्रज्ज्वलित कराकर कार्यक्रम का शुभारम्भ कराया।

# जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी

### जिले में 923 तालाब, कुएं, बावड़ी, स्टापडेम और नदियों के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण के लिए लगभग 8 करोड़ मंजूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संकल्पना के अनुसार इंदौर जिले में भी जल संरक्षण और संवर्धन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में अभियान को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर बड़ी संख्या में नदी, तालाब, कुंये/बावड़ी, स्टापडेम सहित अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण के कार्य हाथ में लिये गये है। बताया गया कि अभियान के तहत इंदौर जिले में इस तरह के कुल 923 कार्य हाथ में लिये गये है। इन कार्यों को कराये जाने के लिए लगभग पौने 8 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 6 नदी, 75 तालाब, 57 कुयें/बावड़ी, 24 स्टापडेम तथा 244 अन्य जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य कराये जायेंगे। इसी तरह 118 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के कार्य भी होंगे। इसी तरह 5 तालाब, 14 कुयें/बावड़ी, 21 स्टापडेम तथा 71 अन्य जल संरचनाओं के नवीनीकरण के कार्य कराये भी जायेंगे। इसी तरह 71 रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के नवीनीकरण के कार्य भी होंगे। साथ ही 5 नदियों पर बने घाटों और 155 मंदिर तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई के कार्य भी अभियान के तहत कराये जायेंगे। इसके लिए 7 करोड़ 74 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इंदौर जिले में वर्षाकाल में पौधारोपण की तैयारी की जा रही है। प्रति पंचायत एक हजार पौधों के हिसाब से कुल 3.34 लाख पौधारोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक जिले में 3.03 लाख पौधों को रोपित करने के लिये 527 पौधारोपण स्थलों का चयन कर लिया गया है। शेष स्थानों का जल्द ही चयन कर लिया जायेगा।

इंदौर जिले में 12 स्थानों पर पहाडियों पर भी पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है। जनपद पंचायत महू के हासलपुर, दुर्जनपुरा, कजलीगढ, सिमरोल एवं जनपद पंचायत सांवेर में हतुनिया की पहाडी पर सघन पौधारोपण किया जायेगा।

# माहेश्वरी समाज ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 300 यूनिट रक्त एकत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ज़िला माहेश्वरी युवा संगठन और पूर्वी क्षेत्र माहेश्वरी युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन माहेश्वरी विद्यालय परिसर तथा गीता भवन मंदिर में किया गया ।**



अखिल भारत वर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के साथ पर्यावरण सरंक्षण के लिए पौधे भी दिए गए। इंदौर जिला माहेश्वरी समाज के प्रचार मंत्री अजय सारड़ा की अगुवाई में समाजजनों ने 300 से अधिक यूनिट रक्त दान किया। इस अवसर पर सभी दानदाताओं और अन्य समाजजन की निःशुल्क नेत्र एवं हृदय उपचार चिकित्सा की व्यवस्था भी संगठन द्वारा की गई। माहेश्वरी विद्यालय के अध्यक्ष देवेंद्र बाहेती, कार्यक्रम समन्वयक राजेंद्र असावा और नारायण आगाल, प्रभारी संकेत बाहेती, सौरभ राठी, सुयश साबु, संयोजक प्रतीक माहेश्वरी, अंकित सोनी, आलोक माहेश्वरी, इंदौर हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के अध्यक्ष रितेश ईनाणी भी मौजूद थे। अंत में आभार जिला युवा संगठन अध्यक्ष राम सोमानी तथा सचिव प्रतीक माहेश्वरी ने माना।

# नशामुक्ति के लिये बैरवा समुदाय ने निकाली जनजागृति रैली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है, नशा छोड़ो परिवार जोड़ो यह उद्बोधन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मास्टर ट्रेनर जज डॉक्टर मोहम्मद शमी ने बैरवा समाज द्वारा नशा मुक्ति के लिए निकाली गई जनजागृति रैली में व्यक्त किए। इसकी शुरुआत बैरवा समुदाय ने पंचम की फैल, मालवा मिल चौराहे से शनिवार को विशाल रैली निकाली गई।**

बैरवा समुदाय के हेमराज वाडिया, मदनलाल मिमरोट, रमेश गोमे ने बताया कि शहर काजी डॉ.इशरत अली ने आगामी दिनों में चंदननगर, खजराना में आजादनगर में नशामुक्त जागरुकता रैली निकाले जाने की जानकारी दी। एसीपी अमित सिंह, तुकोगंज थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह यादव ने भी उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर पुलिस प्रशासन ने भी इंदौर को नशामुक्त करने का बीड़ा उठाया है। इस मौके पर सर्वसमाज सामुदायिक मध्यस्थता समूह के समन्वयक दिलीप गर्ग महानगर ने बताया कि आगामी दिनों में हाईकोर्ट द्वारा प्रशिक्षित सभी समुदायों के रहवासियों के क्षेत्रों में 'नशामुक्त हो व्यक्ति-नशा मुक्त हो समाज-नशामुक्त हो देश' की जनजागृति रैली निकाली जाएगी।

बैरवा समुदाय द्वारा आयोजित रैली में पूर्व पार्षद प्रेम जारवाल, भारत जीनवाल, अशोक जारवाल, बैरवा समाज की महिला अध्यक्ष अनिता-संदीप कुम्हारे, मनीष गोगड़े, राहुल निहोरे, भंवरलाल बोहरे, जितेंद्र वर्मा, कन्हैयालाल मिमरोट एवं मप्र उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित सभी समुदायों के मध्यस्थों में प्रमुख रूप से प्रवीण नीखरा, पुरुषोत्तम यादव, नवीन चौधरी, ओमप्रकाश धीमान, एजाज शेख, नरेंद्र धाकड़, हमीद खान, सुरेश कलर्टन, फादर सुमित ताहिर, नरोत्तम माहेश्वरी, कमल इसरानी, डॉ. ओपी कनकने, शंकरलाल चौहान, हेमंत आहूजा राजकुमार शेरे, दीप्ति शेरे आदि ने अपने-अपने हाथों में पढ़े-लिखे की यह पहचान, नशामुक्त स्वस्थ इंसान, नशे को दूर भगाना है, हर घर में खुशियां लाना है। 'हम सबका एक ही नारा नशामुक्त हो देश हमारा' 'नशे से नाता तोड़ेंगे, घर परिवार को जोड़ेंगे' 'नशामुक्ति का यह अभियान बने जन-जन की पहचान' आदि नारों की तख्तियां लेकर पंचम की फैल, आर.एस. भंडारी मार्ग पर होते मालवा मिल चौराहे पर पहुंच कर संत बालीनाथ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही शहर को नशामुक्त बनाने की शपथ ली गई। जनजागृति रैली का संचालन उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरण सामुदायिक मध्यस्थता समूह के समन्वयक दिलीप गर्ग महानगर, मदनलाल मिमरोट ने किया। आभार हेमराज वाडिया, रमेश गोमे ने माना।

# बैरवा समाज ने चलाया नशा मुक्ति अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना हम सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है, नशा छोड़ो परिवार जोड़ो यह उद्बोधन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मास्टर ट्रेनर जज डॉक्टर मोहम्मद शमी ने बैरवा समाज द्वारा नशा मुक्ति के लिए निकाली गई जनजागृति रैली में व्यक्त किए। इसकी शुरुआत बैरवा समुदाय ने पंचम की फैल, मालवा मिल चौराहे से शनिवार को विशाल रैली निकाली गई। बैरवा समुदाय के हेमराज वाडिया, मदनलाल मिमरोट, रमेश गोमे ने बताया कि शहर काजी डॉ.इशरत अली ने आगामी दिनों में चंदननगर, खजराना में आजादनगर में नशामुक्त जागरुकता रैली निकाले जाने की जानकारी दी। एसीपी अमित सिंह, तुकोगंज थाना प्रभारी जीतेन्द्र सिंह यादव ने भी उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि इंदौर पुलिस प्रशासन ने भी इंदौर को नशामुक्त करने का बीड़ा उठाया है। इस मौके पर सर्वसमाज सामुदायिक मध्यस्थता समूह के समन्वयक दिलीप गर्ग महानगर ने बताया कि आगामी दिनों में हाईकोर्ट द्वारा प्रशिक्षित सभी समुदायों के रहवासियों के क्षेत्रों में 'नशामुक्त हो व्यक्ति-नशा मुक्त हो समाज-नशामुक्त हो देश' की जनजागृति रैली निकाली जाएगी।

# मासूम की हत्या का आरोपी बोला- मुझे सिद्धि प्राप्त है

## पुलिस से कहा-दमोह रेलवे स्टेशन पर बच्चे को तीन थप्पड़ लगते तो जीवित हो जाता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह। दमोह रेलवे स्टेशन पर ढाई महीने के मासूम की मौत के मामले में आरोपी पुलिस की गिरफ्त में है। पूछताछ में आरोपी कमलेश विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि उसे सिद्धि प्राप्त हुई है, जिससे वह किसी को भी जीवित कर सकता है। उसने कहा- रेलवे स्टेशन पर महिला के बच्चे की मौत हो गई थी। यदि मेरे तीन थप्पड़ बच्चे को लग जाते, तो वह जीवित हो जाता।**

दरअसल, शनिवार सुबह 5 बजे दमोह रेलवे स्टेशन पर ढाई महीने के बच्चे की मौत हो गई थी। मां-पिता का आरोप है कि एक शख्स ने बच्चे को पीटा, जिसके बाद दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि स्टेशन पर मासूम की मां उसे पानी पिला रही थी। पिता फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान काला कुर्ता और केसरिया धोती पहने एक व्यक्ति वहां पहुंच गया।

मां-पिता कुछ समझ पाते, इससे पहले उसने मासूम को पीटना शुरू कर दिया। मां हड़बड़ाहट में उठी और बच्चे को बचाने लगी, तो उसके साथ भी मारपीट की। पति बचाने पहुंचा, तो उसे पीटकर आरोपी ने दौड़ लगा दी। घटना स्टेशन पर लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई।

दमोह रेलवे स्टेशन पर ढाई महीने के मासूम की मौत के बाद माता-पिता शव लेकर तीन घंटे तक घूमते रहे। इस दौरान पुलिस से भी गुहार लगाई, लेकिन किसी ने नहीं सुनी।

### शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में इंजुरी सामने नहीं आई

जबलपुर रेल एसपी ऑफिस से लेटर जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि थाना जीआरपी द्वारा नवजात की मौत में हत्या को स्पष्ट नहीं किया गया है। जीआरपी थाना ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। शनिवार को शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में बच्चे के शरीर पर इंजुरी नहीं होने की बात सामने आई है। रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र है कि बच्चा अति कुपोषित था। हालांकि अधिकारी फाइनल पीएम रिपोर्ट के इंतजार की बात कह रहे हैं।

### छतरपुर पुलिस ने आरोपी को ढाबे से पकड़ा

आरोपी कमलेश विश्वकर्मा को दमोह से सागर रोड होते हुए स्कूटी से छतरपुर भाग गया था। छतरपुर के गुलगंज थाना प्रभारी गुरुदत्त शेषा को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कूटी ढाबे के बाहर टिकी है, जो छतरपुर या गुलगंज की नहीं है। तांत्रिक जैसे भेष में एक शख्स ढाबे पर खाना खा रहा है। उसकी हरकतें थोड़ी अजीब हैं। शनिवार रात करीब 9:30 बजे गुलगंज पुलिस तत्काल ढाबे पर पहुंची और उसे घेर लिया। सीसीटीवी में कैद हुए आरोपी के हुलिए से मैच किया गया तो वही आरोपी निकला। पुलिस ने उससे करीब 2 घंटे पूछताछ की। इसके बाद दमोह पुलिस ने उसे कस्टडी में ले लिया।

## भोपाल में आरक्षक पर भीड़ का हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल के गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में स्थित बरखेड़ा पठानी में कैब चालक ने शनिवार की देर रात आरक्षक को लापरवाही से ओवरटेक किया। पुलिसकर्मी ने चिल्लाकर वाहन को सही से चलाने की बात कही। इस पर आरोपी चालक रुका और बदसलूकी करने लगा। आरक्षक के विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। आरोपी पास में ही रहता था, मारपीट देख बस्ती के लोग निकल आए। उन्होंने भी आरक्षक के साथ बेरहमी से मारपीट की। पत्थर, डंडे और बेल्ट से करीब दो दर्जन से अधिक युवकों ने हमला कर दिया। इसी बीच उनकी कॉलोनी के दो युवकों का वहां से गुजर हुआ। आरक्षक पर हमला कर रहे लोगों को उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो भीड़ ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोविंदपुरा पुलिस के मुताबिक दीपक आचार्य (32) निवासी टैगोर नगर गोविंदपुरा डीसीपी जोन-2 श्रद्धा तिवारी के कार्यालय में साइबर शाखा में पदस्थ हैं। शनिवार की रात को वह घर लौट रहे थे। बरखेड़ा पठानी में स्थित बस्ती के सामने मेन रोड पर अपनी बाइक से गुजरे ही थे कि औरा कार जो टैक्सी नंबर पर थी के चालक ने उन्हें लापरवाही से ओवरटैक किया। आवाज लगाकर गलत तरीके से वाहन चलाने का आरक्षक ने विरोध किया। इस पर आरोपी टैक्सी चालक ने वाहन को रोक लिया। उसने बदसलूकी की। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी।

❒ एवरेस्ट के डेथ जोन में फंस गई थीं ज्योति रात्रे

# कहा- 3 दिन -20 डिग्री में गीले स्लीपिंग बैग में सोई, हर 3 घंटे में साफ करना पड़ता था टेंट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। कैंप 4 के नजदीक थे, तभी पता चला कि अगले 3 दिन मौसम बहुत खराब रहने वाला है। हमें 7,800 मीटर पर रुकना पड़ा। यह इलाका डेथटेंट जोन कहलाता है। यहां हालात बहुत खराब थे। बाहर नहीं निकल पाते थे। आंधी की वजह से बर्फ टेंट के अंदर आ रही थी। वह हमारे को ढक देती थी। ऐसे में हमें हर 3 घंटे सफाई करनी पड़ी थी। यहां पर करीब -20 डिग्री टैम्परेचर था। इस तरह से 3 दिन और 4 रातें काटी है।**

यह कहना है 55 साल की उम्र में माउंट एवरेस्ट फतेह करने वाली ज्योति रात्रे का। ज्योति ने एवरेस्ट की चढ़ाई से जुड़े अनुभवों को साझा किया। कहा- रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया था। यह बहुत कठिन समय था। आंधी की वजह से बर्फ अंदर आ रही थी। 3 दिन हमें गीले स्लीपिंग बैग में सोना पड़ा। हालत यह थे कि हम पानी पीने के लिए भी बर्फ नहीं ला पा रहे थे। जो अंदर आ रही थी, वही पी रहे थे।

### 19 मई की सुबह रखा चोटी पर कदम

55 साल की उम्र में भोपाल की महिला पर्वतारोही ज्योति रात्रे ने माउंट एवरेस्ट की 8848.86 मीटर की चोटी पर पहुंचने का कारनामा किया है। 8ड एक्सपिडिशन के अनुसार वह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला हैं।

पेम्बा शेरपा के अनुसार, भोपाल की रात्रे 19 मई को सुबह 6:30 बजे शिखर पर पहुंचीं। इससे पहले एल्ब्रस, किलिमंजारो, आइलैंड पीक और कोसियुज्को सहित कई चोटियों पर चढ़ाई कर चुकी हैं। ज्योति रात्रे का कहना है कि मैं एक एक बिजनेस वूमन हूं। मेरे पति केके रात्रे मध्य प्रदेश विद्युत मंडल एचआर में जनरल मैनेजर हैं। मुझे दुनिया की सेवन समिट करनी हैं। सबसे पहला ट्रैक साल 2017 में मनाली में किया था, यहां जाकर ऐसा लगा कि मुझे पर्वतों पर जाते रहना चाहिए। वे हमें उनकी तरफ खींचते हैं।

### आखिर के 28 घंटे कभी नहीं भूल सकती

ज्योति बताती हैं कि वह जब चोटी पर पहुंची तो लोग बहुत कुछ सोचते हैं मगर उस समय वह जीरो इमोशन थीं। उन्होंने कहा कि मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था। वहीं आखिरी 28 घंटे सोई नहीं। इस पूरे 28 घंटे मैं सिर्फ चलती रही। इस बीच माइनस 20 से लेकर माइनस 40 तक टेंप्रेचर का सामना किया। ये 28 घंटे हमेशा मुझे याद रहेंगे। ज्योति कहती हैं कि वापस आने के बाद मैंने देखा कि मेरी पैर की कुछ अंगुलियां गल चुकी हैं। जिसका ट्रीटमेंट अब तक चल रहा है।

# पूर्व सीआरपीएफ जवान की पत्नी, इकलौता बेटा जिंदा जले

❒ रीवा में भिड़े थे ट्रक; ड्राइवर बच्चों से कहकर गया था- लौटने पर मिठाई लाऊंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा। रीवा में दो ट्रकों की भिड़ंत में चार लोग जिंदा जल गए। मृतकों में पूर्व सीआरपीएफ जवान के पत्नी - बेटा भी शामिल हैं। पूर्व सीआरपीएफ जवान नागपुर में प्राइवेट जॉब करते हैं। पत्नी - बेटा उनके यहां कुछ दिन रहकर घर लौट रहे थे।**

शनिवार शाम को हुए हादसे में दोनों ट्रक के ड्राइवर - हेल्पर की भी मौत हुई है। ट्रक ड्राइवर के चार बच्चे हैं। सबसे छोटी बच्ची तो सिर्फ 6 महीने की ही है। वह बच्चों से कहकर निकला था कि दो दिन में लौट आऊंगा, आते समय खुरचन (मिठाई) लेकर आऊंगा। ट्रक ड्राइवर रीवा से प्रयागराज जा रहा था।

दूसरे ट्रक को हेल्पर चला रहा था। यह ट्रक महाराष्ट्र से रीवा आ रहा था। इसका ड्राइवर कंपनी के अन्य ट्रक में सवार था। हेल्पर, पूर्व सीआरपीएफ जवान का परिचित था, इसीलिए उनके पत्नी - बेटा उसके साथ ट्रक से रीवा लौट रहे थे।

### पत्नी - बेटा कहकर निकले थे चिंता मत करना

इंद्रपाल मुंडा (40) ने इकलौते बेटे चेतन मुंडा उर्फ गोल्डी (19) और पत्नी सविता मुंडा (40) को खो दिया। दोनों शुक्रवार को नागपुर से रीवा के लिए निकले थे। रीवा जिले के गुढ़ में कैथा गढ़ के रहने वाले थे। इंद्रपाल ने बताया कि वह पहले सीआरपीएफ में थे। खराब स्वास्थ्य की वजह से नौकरी छोड़ दी थी। पिता और दोनों भाई एसआरपीएफ में हैं। पत्नी - बेटा शुक्रवार को यह कहकर निकले थे कि चिंता मत करना हम सही सलामत पहुंच जाएंगे। दोनों को खो दिया।

### बच्चों को बोला था दो दिन में लौट आऊंगा

ट्रक ड्राइवर संतोष केवट (33) रीवा के महसाव के रहने वाले थे। परिजन रूपा केवट ने बताया कि संतोष उनकी भाभी के भाई थे। उनके चार बच्चे हैं- चांद (10), अमन (12), बेटू (3) और बेटी 6 महीने की है। घर के इकलौते कमाने वाले थे। शुक्रवार दोपहर 2.30 बजे बच्चों को यह कहकर घर से निकले थे कि दो दिन बाद लौट आऊंगा। आते वक्त रामपुर बघेलान की मशहूर खुरचन लेकर आऊंगा। रूपा बताती हैं कि जानकारी मिलने पर हम घटनास्थल पहुंचे। हमने पुलिसवालों से पूछा- संतोष की लाश कहां है? उन्होंने जब शव निकाला तो हम पहचान नहीं सके। शव बुरी तरह जल चुका था कि हमने अपनी आंख बंद कर ली।

### बेटा हर महीने पैसा बचाकर भेजता था

ट्रक हेल्पर सतीश केवट (22) गढ़ के रहने वाले थे। पिता राम प्रकाश केवट ने बताया कि सतीश घर में सबसे छोटा था, इसीलिए सभी का चहेता था। पैसे बचा कर उन्हें हर महीने भेजते था। उन्होंने बताया कि हम गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। किसी महीने 2 हजार तो किसी महीने 4 हजार रुपए भेज देता था। इससे उनकी छोटी - बड़ी जरूरतें पूरी होती थीं और खर्च चलाने में काफी मदद मिल जाती थी।

# ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साले को रौंदा

## जबलपुर में पिछले टायर में फंसे, साले की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में मिनी ट्रक ने बाइक सवार जीजा-साले को रौंद दिया। दोनों ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए। हादसे में घायल साले ने रविवार को दम तोड़ दिया। वहीं जीजा गंभीर रूप से घायल है।**

घटना गढ़ा थाना के पंडा की मढ़िया के पास 6 जून की है। इसका सीसीटीवी रविवार को सामने आया है। शहपुरा के रहने वाले लक्ष्मण सेन (38) के जीजा दीपचंद्र सेन (41) के परिवार में बच्चे का जन्म हुआ था। लक्ष्मण बाइक से अपने जीजा के साथ भाई चंद्रभान सेन के घर लड्डू देने के लिए जबलपुर आया था। लौटते समय ये हादसा हो गया।

### ड्राइवर ट्रक चढ़ाते हुए ले गया

ट्रक ड्राइवर ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी थी। ट्रक में फंसकर बाइक कुछ आगे जाकर साइड में गिर गई। ट्रक के सामने दोनों जीजा-साले गिरे और पिछले टायर की चपेट में आ गए। ड्राइवर दोनों के ऊपर से ट्रक चढ़ाता हुआ ले गया। बाइक चला रहे लक्ष्मण और दीपचंद को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। रविवार को लक्ष्मण सेन ने दम तोड़ दिया।

### ड्राइवर ट्रक छोड़कर भागा

घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने मिनी ट्रक के ड्राइवर को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो चुका था। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

## संपादकीय

### नहीं है कोई विकल्प

इस बार के चुनाव में पहली बार नोटा ने लोगों का ध्यान खींचा। उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा शुरू हो गई। इंदौर की लोकसभा सीट पर दो लाख से अधिक लोगों ने नोटा का बटन दबाया। नोटा यानी ऊपर में से किसी को नहीं। यानी जो मतदाता किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, वे अपना मत नोटा के रूप में दर्ज कराते हैं। इस तरह मतदान मशीन में नोटा एक तरह से स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में उपस्थित होता है। पहले की अपेक्षा इस बार कई जगहों पर नोटा को बड़ी संख्या में मत प्राप्त हुए। इंदौर में इस बटन को कुछ अधिक लोगों ने इसलिए दबाया कि पर्चा वापसी के आखिरी दिन कांग्रेस के प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया। इससे पहले सूरत में भी कांग्रेस के एक प्रत्याशी ने अपना पर्चा वापस ले लिया था। तब भाजपा प्रत्याशी को निर्विरोध चुन लिया गया था। उस वक्त कहा गया था कि इस तरह मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता, नोटा भी एक प्रत्याशी होता है। दरअसल, नोटा का विकल्प देने के पीछे एक लंबी लड़ाई चली थी। काफी समय से मांग उठ रही थी कि अगर किसी जनप्रतिनिधि से लोग खुश नहीं हैं, तो उन्हें उसे हटाने का अधिकार मिलना चाहिए। जिस तरह प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है, उसी तरह मतदाता को उसे हटाने का भी अधिकार मिलना चाहिए। मगर उस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका। फिर यह भी कहा गया कि बहुत सारे लोग किसी भी प्रत्याशी को पसंद नहीं करते, मगर मताधिकार का प्रयोग करते हुए उन्हें किसी न किसी को मत देना ही पड़ता है। ऐसे में यह विकल्प भी होना चाहिए कि वे हर प्रत्याशी को नकारने का मत दे सकें। इसी मांग के तहत विकल्प के रूप में नोटा शुरू किया गया। मगर इस विकल्प का कोई निर्णायक महत्व नहीं है। अगर इसे लेकर कोई स्पष्ट नियम बन जाए कि कितने प्रतिशत लोगों के नोटा का विकल्प चुनने पर नए सिरे से चुनाव कराने होंगे, तब तो इसका महत्त्व होगा, नहीं तो यह महज दिखावे का एक बटन बना रहेगा। इसलिए अभी तक नोटा का कोई प्रभाव नजर नहीं आता।

**अर्ज़ किया है..!**

*यूँ चुराईं उस ने आँखें*
*सादगी तो देखिए*
*बज़्म में गोया मिरी जानिब*
*इशारा कर दिया*

-फ़ानी बदायुनी

**OSHO कहिन**

**जहां डर खत्म हो जाता है, वहां जीवन शुरू हो जाता है।**



**सैर सपाटा**

# दिल्ली से ट्रैकिंग करने जाने की हो रही है प्लानिंग, तो इन फेमस जगहों पर जाएं

नेचर लवर अगर कुछ एड्वेंचर से जुड़ा करना चाहते हैं तो ट्रैकिंग के लिए जा सकते हैं। इसे करने से मन और तन पूरी तरह से फ्रेश महसूस करने लगता है। यही वजह है कि ट्रैकिंग करना अधिकतर लोगों को अच्छा लगता है। भारत में ट्रैकिंग करने जाने के लिए कई ऑप्शन हैं। ऐसे में यहां जानिए ट्रैकिंग के लिए फेमस जगहों के बारे में।

### हर की दून

ट्रैकिंग लवर्स के लिए हर की दून एक परफेक्ट जगह है। ये दिल्ली से 298 किमी की दूरी पर फेमस गढ़वाल रेंज में एक घनी घाटी है। ये ट्रैक 47 किमी का है। जिसे पूरा करने में आपको 6 से 7 दिन लग सकते हैं। हर की दून ट्रेक सुंदर और आकर्षक नजारों से पूर्ण हैं। ट्रैकिंग के रास्ते में नदी, अल्पाइन घास के मैदान और खूबसूरत पहाड़ का नजारा देखने को मिलेगा।





### रूपकुंड ट्रैक

रूपकुंड ट्रेक भारत में सबसे फेमस ट्रैक में से एक है। इसे मिस्ट्री लेक के नाम से जाना जाता है। रूपकुंड ट्रैक भारत में एक खूबसूरत और एक फेमस ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है। रूपकुंड त्रिशूल झील के किनारे पाए गए सैकड़ों मानव कंकालों के कारण फेमस है। हरे-भरे जंगल और कई खुले घास के मैदान इस जगह की सुंदरता को बढ़ाते हैं।

### देवरिया ताल ट्रैक

साड़ी गांव, देवरिया ताल ट्रैक के लिए बेस कैंप है। सफेद बर्फ की पहाड़ियों से घिरा ये ट्रैक ट्रैकर्स के बीच काफी फेमस है। यह जगह अलग-अलग तकग के वनस्पतियों और जीवों से घिरा हुआ है।





### केदारकंठ ट्रैक

केदारकंठ ट्रैक दिल्ली के पास एक बेहतरीन डेस्टिनेशन है। मनमोहक नजारों के साथ-साथ ये ट्रैक साल भर खुला रहता है। ये ट्रैक उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में गोविंद वन्यजीव अभयारण्य में स्थित है। आप अपने दोस्तों के साथ इसे एक्सप्लोर करने के लिए जा सकते हैं।

New Delhi

# मॉनसून ने फिर दी गुड न्यूज, 2 दिन पहले पहुंचा मुंबई, UP में चलेगी भयंकर लू

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण पश्चिम मॉनसून एंट्री से लेकर अब तक लगातार खुशखबरी देता नजर आ रहा है। अब इसने देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई में समय से दो दिन पहले ही दस्तक दे दी है। ऐसे में महाराष्ट्र के कई हिस्से मूसलाधार बारिश का सामना कर रहे हैं। इसी बीच IMD यानी भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर पश्चिम भारत में 9 जून से हीटवेव का एक और दौर शुरू होने की आशंका जता दी है।

महाराष्ट्र तट पर अनुकूल परिस्थितियों के कारण दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सामान्य समय से दो दिन पहले रविवार को मुंबई पहुंच गया। आईएमडी अधिकारी ने



बताया कि यह आमतौर पर 11 जून तक आ जाता है, लेकिन पिछले साल अरब सागर के ऊपर 'बिपरजॉय' चक्रवात के कारण यह 24 जून को आया था। खास बात है कि साल 2021 और 2018 में मॉनसून के 9 जून को आगमन का ऐलान किया गया था। खास बात है कि मॉनसून की अगली दस्त बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और ओडिशा में हो सकती है। 8 और 9 जून को रात ठाणे और कल्याण जैसे इलाकों में हुई भारी बारिश के बाद मौसम विभाग ने मॉनसून के आगमन का ऐलान किया था। मौसम विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मॉनसून की एंट्री घोषित करने के लिए कम से कम 3 से 4 स्थानों पर 2.5 मिमी से ज्यादा बारिश होना चाहिए।

Bihar

## खेल-खेल में मर्डर, क्रिकेट के विवाद में दादा-पोते ने ईंट से सिर कुचल बच्चे को मार डाला, गिरफ्तार

**नवादा, (एजेंसी)** बिहार के नवादा में क्रिकेट खेलने के विवाद में सिर पर ईंट से वारकर एक बालक की हत्या कर दी गयी। घटना रविवार की शाम नगर थाना क्षेत्र के कुरमा गांव में घटी हुई। मृतक राहुल कुमार (12) कुरमा गांव के पप्पू चौधरी का बेटा था। घटना की सूचना पर नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस गांव पहुंची और आसपास के लोगों से घटना की बाबत पूछताछ की। बताया जाता है कि घटना के वक्त गांव में क्रिकेट मैच चल रहा था। इसमें गांव के लड़के खेल रहे थे। इसी बीच खेलने के विवाद में नोकझोंक शुरू हो गयी और देखते ही देखते मारपीट होने लग गयी। मारपीट के दौरान राहुल बुरी तरह जख्मी हो गया। बाद में उसकी मौत हो गई। परिजनों की ओर से आरोप लगाया गया है कि गांव के ही रौशन कुमार ने ईंट से राहुल के सिर और कनपटी पर ईंट से वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

Jammu & Kashmir

## रियासी की पहाड़ी पर छुपे हैं बस अटैक में शामिल आतंकी, जंगल खंगाल रही सेना, जांच में जुटी NIA

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में रविवार शाम आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों की बस पर हमला कर दिया. ये बस श्रद्धालुओं को लेकर शिवखोड़ी गुफा तीर्थस्थल से कटरा लौट रही थी. हमले के बाद बस गहरी खाई में जा गिरी. इस आतंकी हमले में तीन महिलाएं सहित 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 32 लोग घायल हो गए. अब जानकारी आ रही है कि बस पर हमले करने वाले आतंकी पहाड़ी इलाके में छुपे हुए हैं. ये आतंकी ग्रुप पिछले एक महीने में राजौरी और पुंछ में कई हमले कर चुके हैं. सूत्रों ने यह भी बताया कि हमले में 2-3 आतंकी शामिल थे. पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम को करीब छह बजकर 10 मिनट बजे रियासी जिले के पौनी इलाके में आतंकवादियों ने एक तीर्थयात्रियों की बस को निशाना बनाया. हमले के बाद बस खाई में जा गिरी. इस बस से तीर्थयात्री शिवखोड़ी से कटरा माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी. बस में सवार एक पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि मैंने एक आतंकवादी को बस पर गोलीबारी करते देखा. बस के खाई में गिरने के बाद भी एक आतंकवादी 20 मिनट तक गोलीबारी की थी. एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने ये भी कहा कि बस पर 25 से 30 गोलियां चलीं और बस खाई में गिर गई, जबकि दूसरे पीड़ित ने बताया कि उसने लाल मफलर पहने एक नकाबपोश हमलावर को बस पर गोलियां चलाते देखा. तेरयथ अस्पताल में भर्ती बनारस के एक घायल तीर्थयात्री ने कहा कि हमें शाम 4 बजे निकलना था, लेकिन बस शाम 5.30 बजे निकली और अचानक गोलीबारी होने लगी.

Chhattisgarh

## गौ-तस्करी के आरोप में अज्ञात लोगों ने 3 युवकों को पीटा, 2 की मौत एक घायल

**रायपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के रायपुर में गौ-तस्करी के आरोप में 2 युवकों की हत्या कर दी गई. पुलिस का कहना है कि घटना शनिवार की सुबह आरंग पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में हुई है. महानदी नदी पर 30 फीट ऊंचे पुल के नीचे तीन युवकों के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि एक शख्स की मौत हो गई, जबकि अन्य दो की हालत गंभीर है. जानकारी के मुताबिक, गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात आरंग थाना क्षेत्र में 3 युवक एक ट्रक में जानवर भरकर ले जा रहे थे. तभी रास्ते में 10-12 युवकों ने उनका पीछा किया और ट्रक को महानदी पुल के ऊपर घेर लिया. फिर ट्रक में सवार तीनों युवकों की जमकर पिटाई कर दी. इनमें से एक युवक की लाश महानदी में मिली, दूसरे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल है. जिसका रायपुर के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है. वहीं, आरोपियों के बारे में पुलिस के पास अभी कोई जानकारी नहीं है. पुलिस के मुताबिक, आरोपी अज्ञात हैं और जांच चल रही है. तीनों युवक सहारनपुर के रहने वाले चांद मियां, गुड्डू खान और सद्दाम खान नाम के युवक ट्रक में सवार थे. आरोपी युवकों ने गौ-तस्करी का आरोप लगाते हुए उन्हें पीटना शुरू कर दिया. बताया जा रहा है, आरोपियों ने चांद मियां और गुड्डू खान को पीटकर पुल से नीचे फेंक दिया होगा. रायपुर ग्रामीण के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया, यह घटना शनिवार की सुबह आरंग पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में हुई. महानदी नदी पर 30 फीट ऊंचे पुल के नीचे तीन युवकों के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया. पुल पर मवेशियों को ले जाने वाला ट्रक पाया गया. तीनों युवकों में से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो को अस्पताल में

खेल

# भारत की T20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर सातवीं जीत

## रोमांचक मैच में छह रन से हराया, बुमराह प्लेयर ऑफ द मैच

**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)** भारत ने पाकिस्तान पर टी20 विश्व कप में सातवीं जीत दर्ज कर ली। यह किसी चमत्कार से कम नहीं था कि महज 119 रन पर सिमटने के बाद भारत ने पाकिस्तान को 120 रन का लक्ष्य छूने नहीं दिया और छह रन से जीत हासिल कर ली। प्लेयर ऑफ द मैच जसप्रीत बुमराह चार ओवर में सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट लेते हुए भारतीय जीत के नायक बने। पाकिस्तान को एक समय 30 गेंद में 37 रन चाहिए थे और उसके छह विकेट शेष थे, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने 30 रन देते हुए पाकिस्तान को सात विकेट पर 113 रन के योग पर सीमित कर दिया। टी-20 विश्व कप के आठ मुकाबलों में भारत की यह पाकिस्तान पर सातवीं और वनडे-टी-20 विश्व कप को मिलाकर 16 मुकाबलों में भारत की पाकिस्तान पर यह 15वीं जीत है। पाकिस्तान की यह टी20 विश्व कप 2024 में लगातार दूसरी हार है।

120 रन का पीछा करते हुए



पाकिस्तान ने 17 रन बनाए थे कि बुमराह की गेंद पर रिजवान का फाइनलेग पर शिवम दुबे ने बेहद आसान कैच छोड़ दिया। रिजवान तब सात रन पर थे। हालांकि, बुमराह ने पांचवें ओवर में बाबर (13) को आउट कर पहली सफलता दिलाई। पाकिस्तान ने 8.5 ओवर में 50 रन पूरे किए। 10 ओवर में उसने एक विकेट पर 57 रन बनाए थे। 11वें ओवर की पहली गेंद पर अक्षर ने उस्मान खान (13) को एल्बीडब्ल्यू आउट किया, लेकिन इसी ओवर में फखर जमां ने अक्षर पर छक्का लगाया। 13वें ओवर में हार्दिक ने जमां (13) को आउट कर उम्मीदें जगाईं।

पाकिस्तान की उम्मीदें रिजवान पर टिकी थीं, लेकिन भारत के लिए बुमराह एक बार फिर संकटमोचक साबित हुए। उन्होंने 44 गेंद में 31 रन बनाने वाले रिजवान को बोल्ड कर स्कोर चार विकेट पर 80 रन कर दिया। पाकिस्तान को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 37 रन बनाने थे। 17वें ओवर में हार्दिक ने शादाब को आउट कर स्कोर पांच विकेट पर 88 कर दिया। 18 गेंद में पाकिस्तान को 30 रन चाहिए थे। इमाद और इफ्तिखार ने सिराज के ओवर में नौ रन बटोर लक्ष्य 12 गेंद में 21 रन कर दिया, लेकिन बुमराह ने 19वें ओवर की अंतिम गेंद पर न सिर्फ इफ्तिखार (5) को आउट किया बल्कि सिर्फ तीन रन देकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 18 रन कर दिया।

पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों की रफ्तार के आगे धुरंधर भारतीय बल्लेबाजों के बल्ले की धार कुंद पड़ गई। भारतीय बल्लेबाज पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाए और महज 119 रन पर सिमट गए। यह पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में भारत का सबसे कम स्कोर है। इसे पिच का खौफ कहें या समर्पण भाव की कमी, भारतीय बल्लेबाज अपनी योग्यता से कोसों पीछे दूर दिखे। शाहीन आफरीदी, नसीम शाह, हारिस राउफ और मोहम्मद आमिर ने शानदार गेंदबाजी की, लेकिन ऐसी भी नहीं थी पूरे 20 ओवर नहीं खेले जा सकें। 11.1 ओवर में 89 रन पर तीन विकेट के बाद भारत ने 30 रन के अंतराल में सात विकेट गंवा दिए और टीम 19 ओवर में 119 रन पर सिमट गई।

सिनेमा

## समीरा रेड्डी पर काम देने के बदले बनाया गया था ब्रेस्ट सर्जरी करवाने का प्रेशर



रेस जैसी फिल्म में कमाल करने वाली एक्ट्रेस समीरा रेड्डी अब अपनी उम्र के अलग पड़ाव को एन्जॉय कर रही हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और हर मुद्दे पर खुल कर बात रखती हैं। कभी बॉडी शेमिंग तो कभी खुद को मोटी कहे जाने पर परेशान होने वाली समीरा ने असलियत को स्वीकार लिया है। लेकिन इंडस्ट्री में काम करने के दौरान उन्होंने कुछ ऐसा भी देखा है जिसे उन्होंने हाल में हमारी सहयोगी वेबसाइट हिंदुस्तान टाइम्स के साथ शेयर किया। एक्ट्रेस ने बताया करियर के पीक पर कैसे लोग उनपर ब्रेस्ट सर्जरी करवाने का प्रेशर डालते थे। एक्ट्रेस ने हाल में दिए इंटरव्यू में कहा, 'मुझे करियर के पीक पर एक जॉब पाने के लिए ब्रेस्ट सर्जरी करवाने के लिए दबाव डाला गया था। कई लोग मुझे कहते थे कि 'समीरा, सब लोग कर रहे हैं, आप क्यों नहीं?' लेकिन मैं अपने अंदर ऐसा कुछ नहीं करना चाहती थी। यह कुछ ऐसा था जैसे आप कुछ गलत चीज को छुपा रहे हो। जिंदगी ऐसी ही है। मैं किसी भी शख्स को जज नहीं करूंगी जो प्लास्टिक सर्जरी और बोटोक्स करवाना चाहता है, लेकिन जो चीज मेरे लिए काम करती है वह है खुद को अंदर से ठीक रखना।' समीरा ने आगे बताया कि कैसे लोग उन्हें कहते हैं कि वो अब अपनी स्किन के साथ ज्यादा खुश और कम्फ़र्टेबल लगती हैं। एक्ट्रेस ने कहा वो 28 साल की उम्र में खूबसूरत दिखती थीं।

## Highlights

1. Culprits behind attack won't be spared: Shah on J&K terror attack
2. Yellow alert issued for Delhi for 4 days amid severe heatwave
3. Who is Mirzapur's Anupriya, the hat-trick minister in new Cabinet?
4. Ola CEO Bhavish Aggarwal attends PM Modi's oath-taking ceremony
5. Which 6 MPs from Maharashtra are part of PM Modi's Cabinet 3.0?
6. Amritpal to seek temporary release from jail to take oath as MP

# Sundar Pichai turns 52: Tech billionaire's journey from Madurai to Google CEO

**NEW DEIHI, (Agency).** Sundar Pichai, Google CEO, is celebrating his 52th birthday today. Born in 1972 in Tamil Nadu's Madurai, Sundar Pichai earned his degree in metallurgical engineering from IIT Kharagpur. He then moved to the United States to pursue MS from Stanford University in materials science and engineering. Following this, he got an MBA from Wharton School of the University of Pennsylvania, where he was named a Siebel Scholar and a Palmer Scholar as well.

Talking about his childhood in Madurai, he said in an interview, "We would sleep on the living room floor. There was a drought when I was growing up, and we had anxiety. Even now, I can never sleep without a bottle of water beside my bed. There was a simplicity to my life, which was very nice compared with today's world."



Sundar Pichai joined Google in 2004. When Sundar Pichai joined Google, he led the product management and innovation efforts for a suite of Google's client software products such as Chrome and Chrome OS and was also reportedly responsible for Google Drive. He became the CEO of the company in 2015.

Talking about his parents, Sundar Pichai recently reflected, "I perceived our lives through the arrival of gadgets. We waited five years for a telephone, it was a rotary phone. But when it came to our home, it changed our lives. I remember getting our first television and suddenly being able to watch sports."

He added, "I used to bike a long way to school, there was no gear in the bike and I had to go uphill. After many years I got a bike with gears and I'm like Wow! What a dramatic difference. I never took technology for granted.

# Zerodha's Nithin Kamath praises Sebi 'Brokers' future role may reduce to just...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Nithin Kamath, co-founder of Zerodha, said that brokers could soon find themselves reduced to being mere order processors as he praised market regulator Sebi for ramping up its efforts to make Indian markets more investor-friendly. In a post on X (formerly Twitter), Nithin Kamath wrote, "The reduction in the AMC is, in a



way, a result of the gradual reduction in a broker's role. In the not-so-distant future, I wouldn't be surprised if all that the brokers will be doing is just processing orders."

Sebi has introduced a slew of changes that have significantly altered the broker's role since 2019, he said, highlighting changes like segregation of client funds, compulsory quarterly bank reconciliations for brokers and elimination of fund pooling for mutual fund transactions.

He explained, "The latest regulation is around the direct payout of securities to investor demat accounts upon purchase. Today, when investors buy securities, they're credited by the clearing corporation to the stock broker's pool account, who in turn transfers them to the clients. With the introduction of new regulation, CCs will directly transfer securities to the client's account, bypassing the broker's pool. This also eases operations at a broker's end."

# कैफे में बुलाकर दुष्कर्म किया

## मकान मालिक ने नहाने का वीडियो बनाकर बनाकर ब्लैकमेल किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मल्हारगंज में एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर उसके मकान मालिक के खिलाफ रेप और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी ने कैफे में मिलने के बहाने बुलाया और रेप किया। इसके बाद उसने कई बार ब्लैकमेल कर संबंध बनाए। परेशान होकर उसने पति को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद उसने पति के साथ थाने जाकर केस दर्ज कराया।**

पुलिस ने 26 साल की एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर सतीश के खिलाफ रेप और ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसका मकान मालिक है। पीड़िता ने बताया कि वह 8 साल से सतीश के मकान में रह रही है।

मकान मालिक घूरकर देखता था। लेकिन कभी पति या अन्य किसी से उसकी हरकत को लेकर जानकारी नहीं दी। कुछ दिन पहले सतीश ने बाथ रूम में नहाते समय अश्लील वीडियो बना लिया। उसने एक दिन मोबाइल पर कॉल किया और कहा कि कुछ बात करनी है। मिलने आ जाओ। इनकार करने पर कहने लगा कि उसका अश्लील वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता ने बताया कि बार-बार कॉल करने से वह डर कर 1 अप्रैल 2024 को बड़े गणपति के सेल्फी कैफे के पास मिलने पहुंची। यहां कैफे में सतीश उसे ऊपर ले गया। यहां तेज आवाज में म्यूजिक बज रहा था। सतीश ने पीड़िता को उसका एक वीडियो दिखाया और कहा कि इसे वायरल कर देगा। इसके बाद कहने लगा कि जैसा कहता हूं। वैसा करो। इसके बाद सतीश ने जबरदस्ती की। रेप करने के बाद उसने फिर से कहा कि यहां का एक और वीडियो बनाया है। अगर आगे से बुलाने पर नहीं आई तो उसे भी वायरल कर देगा। पति जब घर नहीं होते तो सतीश रूम में आने लगा। जबरदस्ती की कोशिश करता। बदनामी के डर से किसी को यह बात नहीं बताई। कुछ दिन पहले मन काफी दुखी था तो पति को पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने हिम्मत कर पुलिस के पास जाने की बात कही।

# क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद राजवाड़ा पर जमकर मना जश्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश की कोई भी उपलब्धि हो तो इंदौरवासियों के लिए इसकी खुशी जताने का एक ही स्थान है शहर का दिल राजवाड़ा। रविवार को टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत द्वारा पाकिस्तान को दी गई करारी शिकस्त के बाद शहर के क्रिकेट प्रेमी राजवाड़ा पर इक_ा हो गए और दीपावली की तहर आतिशबाजी करके जश्न मनाया। भारत माता की जय के नारों के साथ हाथ में तिरंगा लेकर जमकर नाचे और जीत की खुशी मनाई।



जब-जब टीम इंडिया ने क्रिकेट मैच में पाकिस्तान पर जीत हासिल करती है तो इंदौर के क्रिकेट प्रेमी इसकी जश्न मनाने के लिए राजवाड़ा पहुंच जाते हैं। शहर के अलग-अलग इलाकों से रविवार रात हजारों की संख्या में लोग यहां पहुंचे थे। कुछ ने टीम इंडिया की ड्रेस भी पहनी हुई थी।

### इंदौर के आवेश खान भी हैं टीम में

इंदौर शहर के चमकते क्रिकेट खिलाड़ी आवेश खान भी टीम इंडिया में शामिल है, हालांकि वे इस मैच में नहीं खेले। उनके पिता मोहम्मद आशिक खान ने कहा कि यह हमारे लिए और पूरे राज्य के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि आवेश को इस टीम में स्थान मिला।

**इंदौर के आवेश खान भी हैं टीम में-** इंदौर शहर के चमकते क्रिकेट खिलाड़ी आवेश खान भी टीम इंडिया में शामिल है, हालांकि वे इस मैच में नहीं खेले। उनके पिता मोहम्मद आशिक खान ने कहा कि यह हमारे लिए और पूरे राज्य के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि आवेश को इस टीम में स्थान मिला।

**राजवाड़ा है इंदौर का दिल-** अनंत चतुर्दशी की झांकी हो या रंगपंचमी की गेर, इंदौर शहर में हर बड़े उत्सव का आनंद राजवाड़ा पर ही आता है। इसरो के चंद्रयान और देश को मिली अनके उपलब्धियों का जश्न मनाने शहर के लोग राजवाड़ा पर ही जमा होते हैं। सभी लोग इसे इंदौर शहर का दिल कहते हैं।

# देर रात थाने का निरीक्षण करने पहुंचे डीसीपी

## कनाडिया थाने में हथियारों का रखरखाव देखा, अपराधों का रजिस्टर भी चैक किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जोन के डीसीपी अचानक देर रात थाने का निरीक्षण करने जा पहुंचे। यहां उन्होंने रात में स्टाफ को मुस्तैद रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि यह शहरी सीमा का थाना है, यहां अलर्ट रहना जरूरी है। डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा देर रात कनाडिया थाने पहुंचे। यहां देर रात 1 बजे उन्होंने मालखाने में रखे सामान का जायजा लिया। उसे व्यवस्थित रखने की हिदायत दी। इसके बाद उन्होंने हथियारों की स्ट्रिपिंग और असेम्बलिंग प्रकिया को देखा। उनका सही तरीके से पालन करने की पुष्टी की। हवालात में बंदियों को रखने की स्थिति और संतरी को मुस्तैदी से चाक चौबंद रहने की बात कही। सबसे आखिर में उन्होंने रजिस्टर की जांच की। वहीं अपराध की डायरियों का निरीक्षण किया। उनके साथ रात में एडिशनल डीसीपी अमरेन्द्रसिंह भी मौजूद थे।

# निगम फर्जी बिल घोटाला एक और ठेकेदार गिरफ्तार

## 1 करोड़ के बिल लगाकर निगम को पहुंचाई चपत, आज कोर्ट में करेंगे पेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** नगर निगम के डेढ़ सौ करोड़ रु. के फर्जी बिल घोटाले में एमजी रोड पुलिस ने एक और आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। उसने 1.8 करोड़ रु. के बिल पास कराकर निगम को चपत लगाई थी। आरोपी को सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

आरोपी का नाम जाहिद पिता मोहम्मद खान (41) निवासी दयानंद नगर, माणिकबाग रोड है। उसकी डायमंड एसोसिएट नाम से फर्म है। उसने निगम इंजीनियर अभय राठौर के साथ मिलकर फर्जी बिल पेश किए थे जबकि मैदानी तौर पर काम हुए ही नहीं थे। इस मामले में ड्रेनेज घोटाले में ठेकेदार एजाज उर्फ एहतेशाम भी लिप्त है जो फरार है। आरोपी जाहिद उसका साला है। जाहिद निगम से भ्रष्टाचार में बर्खास्त हुए बेलदार असलम खान का भी रिश्तेदार है। उधर, इसी मामले में गिरफ्तार अनिल कुमार गर्ग (संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, स्थानीय निधि संपरीक्षा, इंदौर), डिप्टी डायरेक्टर (ऑडिट) समरसिंह परमार और असिस्टेंट ऑडिटर रामेश्वरसिंह परमार रिमांड पर हैं। इनसे घोटालों की वे फाइलें जो इनकी सहमति से फॉरवर्ड हुई थी, के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# मुंबई-इंदौर फ्लाइट खराब मौसम के कारण डगमगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मुंबई से रविवार रात इंदौर आई इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट के यात्रियों को सिंगापुर एयरलाइंस के विमान जैसा एयर टर्बुलेंस का डरावना अनुभव हुआ। खराब मौसम के कारण कई बार विमान डगमगाता महसूस हुआ, इससे यात्री बुरी तरह घबरा गए। शुरुआती 15-20 मिनट लोगों के बहुत खराब गुजरे। जैसे-तैसे विमान ने 11.45 बजे इंदौर लैंड किया तो लोगों ने राहत की सांस ली। विमान से उतरे दीपक जेठा ने बताया महिलाओं ने बच्चों को सुलाना शुरू कर दिया था। फ्लाइट के उड़ान भरते ही सभी यात्रियों के चेहरों पर डर साफ झलक रहा था। एक-एक पल मुश्किल भरा था। ऐसा लग रहा था मानो विमान डगमगा रहा हो। पूरे विमान में खामोशी छाई हुई थी। जिस तरह से विमान उड़ान भर रहा था, उससे साफ महसूस हो रहा था कि बाहर मौसम बहुत खराब है। दीपक ने बताया, इसके बाद भी विमान में न तो किसी तरह का कोई अनाउंसमेंट हुआ और न ही किसी ने हालात सामान्य करने के प्रयास किए। यात्री इतना घबराए हुए थे कि वे एक-दूसरे से बात तक नहीं कर पा रहे थे।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक